S.A.1 (2022-23)

हिन्दी

कक्षा - 6

समय :- 2:30 hrs पूर्णांक :-45

नोट :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

प्रश्न-1 सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए

1. भीकाजी को किस सम्मेलन में आमंत्रित किया गया ?

1. मार्क्सवादी 2. समाजवादी 3. उदारवादी

2. मोहन को चपत किसने लगाई ?

1. माँ ने 2. पिता ने 3.पुलिस अंकल ने

3. जुलाहे को लोग क्या कहा करते थे ?

1. नौजवान 2. युवक 3. संत

4. संजू क्या लिखना चाहती थी ?

1. कहानी 2. डायरी 3. कविता

प्रश्न- 2 सही के सामने (✓) और गलत के सामने (x) का निशान लगाइए

1 थोड़े से बच्चों के लिए बहुत बड़ा खेत है।

2 पाठ में मिनी महात्मा मोहन को कहा गया है।

3 जुलाहे ने रुई से सूत काता ।

4 बाबू छठी कक्षा में पढ़ता था ।

प्रश्न- 3 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

1 जिस देश की महिलाएं ऐसी________ और ________ हो |

2 बाबू ने स्कूल में अपने _________ को बताया

3 भीकाजी को इतिहास उन्हीं _________ की पंक्ति में स्थान देगा

4 तितली की इतनी __________ की बाबू से बचे ।

प्रश्न - 4 प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए

1 बाबू कैसा लड़का था ?

2 उपसर्ग कहाँ लगते हैं ?

3 संज्ञा के कितने भेद हैं ? नाम लिखो |

4 लड़के ने साड़ी लेकर क्या किया ?

प्रश्न- 5- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

हम जीवन में क्या चाहते हैं? सुख, समृद्धि व शांति, यही ! किंतु यह किंतु यह चीजें तभी मिल सकती है जब हम इनको पाने का निरंतर प्रयास करते चलें। यदि हम व्यायाम के लिए चिंतन के लिए, अध्ययन के लिए समय नहीं निकाल पाएंगे तो हमारा तन मन कैसे स्वस्थ और सबल बन सकेगा? विषम परिस्थितियों में भी हम अपना संतुलन कैसे बनाएं रख सकेंगे ?

(1) हम जीवन में क्या चाहते हैं?

(2) सुख हम कैसे पा सकते हैं?

(3) हमारा तन -मन कैसे स्वस्थ व सबल बन सकता है?

(4) हमे सुख, समृद्धि व शांति कैसे मिल सकती है?

प्रश्न- 6 लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

1. गुलाब का फूल क्यों कराह उठा ?

2. विलोम शब्द लिखो-

अ) सभ्य ब) सम्मान

स सुगंध द) पाप

3. दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो

अ) चंद्रमा-

ब) आग

4. बहुवचन बनाओं -

अ) नदी ब) अध्यापक

स) लड्डू द) बहू

प्रश्न- 7. दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. कवि ने बच्चों को थोड़े से बच्चे और ढेर सारे बच्चों में क्यों बाँटा है?

2. कारक से आप क्या समझते हैं? कारक के भेद लिखे ।

3. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए

अ) जो सब जगह व्याप्त हो=

ब) जिसका कोई अंत न हो=

स) जिसका कोई आकार ना हो=

प्रश्न- 8. 'पुस्तकालय' विषय पर 60 शब्दों में अनुच्छेद लेखन लिखिए-

प्रश्न 9. प्रधानाचार्या महोदया को दो दिनों के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए-